# कार्यालय जिला कलक्टर (सहायता) बीकानेर

क्रमाकः– सीबी/सहायता/खरीफ 2077/कीट हमला/ 1878 दिनांकः– 5-10-2020

श्रीमान् संयुक्त शासन सचिव,
आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग,
राज., जयपुर

विषयः खरीफ वर्ष 2020 (संवत 2077) कीट हमले से प्रभावित कृषकों को कृषि आदान अनुदान भुगतान हेतु डीएमआईएस पोर्टल पर अपलोड डाटा डिलीट करने बाबत।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि बीकानेर जिले में खरीफ फसल वर्ष 2020 (संवत 2077), कीट हमले के कारण फसल खराबा हुआ है। फसल खराबे से प्रभावित कृषकों की 7डी रिपोर्ट इस कार्यालय के पत्रांक 3083 दि. 15.06.2020 द्वारा भिजवाई गई। जिसके अनुसार 894 कृषक प्रभावित हुए। निर्देशानुसार प्रभावित कृषकों का डाटा डीएमआईएस पोर्टल पर संबंधित पटवारियों द्वारा अपलोड किया गया है।

राज्य सरकार के आदेशांक 10237 दिनांक 27.07.2020 की अनुपालना में कीट हमले से प्रभावित कृषकों द्वारा पुनः फसल बिजाई किये जाने का सर्वे करवाकर, ऐसे काश्तकार जो कीट हमले से प्रभावित हुए, परन्तु पुनः बिजाई नहीं की गई, कि 7डी रिपोर्ट जिला कलक्टर (भू.अ.), बीकानेर के पत्रांक 6215 दिनांक 22.09.2020 द्वारा भिजवाई गई है। अतः डीएमआईएस पोर्टल पर खरीफ संवत 2077 कीट हमले से प्रभावित अब तक 889 कृषक अपलोड किये गए है, जबकि पुनः सर्वे में 7डी रिपोर्ट अनुसार मात्र 132 कृषक कृषि आदान अनुदान हेतु पात्र है।

अतः डीएमआईएस पोर्टल पर दर्ज किए गए 889 कृषकों का डाटा डिलीट करवाने का श्रम करावें ताकि पुनः सर्वे में चिन्हित कृषकों का डाटा अपलोड कर कृषि आदान अनुदान का भुगतान किया जा सकें।

अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन),
एवं प्रभारी अधिकारी (सहायता),
बीकानेर

क्रमांकः सम/ दिनांकः

प्रतिलिपिः प्रभारी अधिकारी, हैल्पडेस्क, डीएमआईएस पोर्टल, जयपुर

अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन),
एवं प्रभारी अधिकारी (सहायता),
बीकानेर